सतर्क ध्वनि तथा फ्लैश *अलार्म !* के समय आपका फोन बज उठेगा भले ही आपका फोन **बंद** अवस्था में हों। अलार्म बंद करने के लिए **बंद करें** का चयन करें। यदि आप फोन पर अलार्म एक मिनट तक बजने देते हैं या दोहराव का चयन करते हैं तब दोहराव समय तक अलार्म बंद हो जाता है और पुनः बजने लगता है।

फोन बंद होने पर भी यदि अलार्म का समय हो जाता है तब आपका फोन स्वतः चालू होकर अलार्म की ध्वनि निकालने लगेगा। यदि आप **रोकें** चयन करते हैं तब आपका उपकरण आपसे कॉल आने पर सक्रिय अवस्था के लिए पूछेगा। उपकरण बंद करने के लिए **नहीं** तथा कॉल करने अथवा प्राप्त करने के लिए **हाँ** का चयन करें। बेतार फोन का उपयोग करते समय **हाँ** का चयन न करें क्योंकि इससे रूकावट अथवा खतरा हो सकता है।

कैलेंडर

मेनू > *व्यवस्थापक* > *कैलेंडर* का चयन करें। वर्तमान दिन एक फ़्रेम द्वारा दर्शाया जाता है। यदि उस दिन के लिए कोई लेख निर्धारित किए गए हैं, तो दिन बोल्ड टाइप में होता है। लेख देखने के लिए **अवलोकन** का चयन करें। कैलेंडर के सारे लेख हटाने के लिए मास अवलोकन अथवा सप्ताह अवलोकन चयन करें ओर **विकल्प** > *समस्त*

 कॉपीराइट © 2007 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

लेख मिटाएं का चयन करें। अन्य संभावित विकल्पों में शामिल हैं लेख बनाना, हटाना, संपादित करना, और किसी अन्य स्थान पर ले जाना, लेख की अन्य किसी दिन में प्रतिलिपि बनाना, या लेख को पाठ्य संदेश या संलग्नक के रूप में सीधे किसी अन्य संगत फ़ोन कैलेंडर में भेजना।

कार्य सूची

मेनू > *व्यवस्थापक* > *कार्य सूची* का चयन करें। कार्यसूची का प्रदर्शन एवं छांटना प्राथमिकता के आधार पर किया जाता है। **विकल्प** का चयन करें और आप उसमें कुछ जोड़, मिटा अथवा लेख भेज सकते हैं; लेख कार्यान्वित चिह्नित कर सकते हैं अथवा नियत तिथि के आधार पर कार्यसूची को छांट सकते हैं।

■ अनुप्रयोग

आपके फ़ोन सॉफ़्टवेयर में नोकिया फ़ोन के लिए ख़ास तौर पर डिज़ाइन किए गए कुछ खेल और Java अनुप्रयोग शामिल हो सकते हैं।

कॉपीराइट © 2007 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

खेल और अनुप्रयोग स्थापना के लिए उपलब्ध स्मृति की मात्रा देखने के लिए, **मेनू** > *अनुप्रयोग* > **विकल्प** > *स्मृति स्थिति* का चयन करें। कोई खेल या अनुप्रयोग लॉन्च करने के लिए **मेनू** > *अनुप्रयोग* > *खेल*, अथवा *संपर्क* का चयन करें। खेल अथवा अनुप्रयोग पर स्क्रॉल करें तथा **खोल** चयन करें। खेल अथवा अनुप्रयोग डाउनलोड करने के लिए **मेनू** > *अनुप्रयोग* > **विकल्प** > *डाउनलोड* > *गेम डाउनलोड* अथवा *अनुप्रयोग डाउनलोड* का चयन करें। आपका फोन J2ME™ पर Java अनुप्रयोग पर भी कार्य करता है। डाउनलोड करने से पहले इस बात का ध्यान रहे कि यह अनुप्रयोग आपके फोन से मेल खाता है।

महत्वपूर्ण: केवल उन्हीं स्रोतों से अनुप्रयोग स्थापित करें जो हानिकारक सॉफ़्टवेयर के विरुद्ध पर्याप्त सुरक्षा प्रदान करते हैं।

कोई अनुप्रयोग डाउनलोड करते समय यह संभव है कि वह अनुप्रयोग मेनू की अपेक्षा *गैलेरी* मेनू में रक्षित हो जाए।

 कॉपीराइट © 2007 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

■ वेब

आप अपने फ़ोन ब्राउज़र से विभिन्न मोबाइल इंटरनेट सेवाएँ की पहुँच प्राप्त कर सकते हैं। इन सेवाओं की उपलब्धता, मूल्य, और टैरिफ़ की जानकारी के लिए अपने नेटवर्क ऑपरेटर या सेवा प्रदाता से संपर्क करें।

महत्वपूर्ण: केवल उन्हीं सेवाओं का उपयोग करें जिन पर आप विश्वास करते हैं और जो हानिकारक सॉफ़्टवेयर के विरुद्ध पर्याप्त सुरक्षा प्रदान करती हैं।

सेवा संपर्क

सुनिश्चित करें कि सेवा सेटिंग रक्षित और सक्रिय की गई हैं।

सेवा से संपर्क जोडने के लिए आरंभ पेज (उदा.के लिए, सेवा प्रदाता का होम पेज) खोलें, **मेनू** > *वेब* > *होम* का चयन करें अथवा स्टैंडबाय मोड में 0 कुंजी को दबाकर पकड़े रहें। पृष्ठ चिन्ह देखने के लिए **मेनू** > *वेब* > *पृष्ठ चिन्ह* का चयन करें। यदि पृष्ठ चिन्ह वर्तमान सक्रिय सेवा सेटिंग के साथ कार्य नहीं करता, तो सेवा सेटिंग का एक अन्य सेट सक्रिय करें और पुनः प्रयास करें। अंतिम URL तक

कॉपीराइट © 2007 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

पहुँचने के लिए **मेनू** > *वेब* > *अंतिम वेब पता* का चयन करें। सेवा का पता दर्ज करने के लिए **मेनू** > *वेब* > *ता पर जाएं* का चयन करें।

ब्राउज़िंग बंद करके संपर्क समाप्त करने के लिए समाप्ति कुंजी को दबाकर पकड़ रखें।

सेवा से जुड़ने के बाद आप उसके पेज ब्राउज़ कर सकते हैं। विभिन्न सेवाओं में फ़ोन कुंजियों की कार्यप्रणाली अलग-अलग हो सकती है। फ़ोन प्रदर्शन पर मौजूद पाठ्य गाइड का पालन करें।

ध्यान रखें कि यदि GPRS को डाटा धारक के रूप में चुना जाता है, तो ब्राउज़िंग के दौरान प्रदर्शन के बाएँ शीर्ष में दिखाई देता है। यदि GPRS संपर्क के दौरान आपको कोई कॉल या पाठ्य संदेश प्राप्त होता है, या आप कॉल करते हैं, तो प्रदर्शन के बाँए शीर्ष में दिखाई पड़ेगा जो संकेत देगा कि GPRS संपर्क रोक (होल्ड कर) दिया गया है। कॉल होने के पश्चात फ़ोन GPRS संपर्क को पुनः संपर्क करने का प्रयास करता है।

आपके उपकरण में पूर्व स्थापित पृष्ठ चिन्ह या तृतीय पक्ष वाली इंटरनेट साइट की कड़ियां हो सकती है। इस उपकरण की मदद से आप अन्य तृतीय पक्ष की साइट भी देख सकते हैं। तृतीय पक्ष की साइट का नोकिया से कोई संबंध नहीं होता है तथा नोकिया उनके

कॉपीराइट © 2007 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

लिए उतरदायी भी नहीं है। यदि आप ऐसी साइटों तक पहुँच स्थापित करना चुनते हैं, तो आपको सुरक्षा और विषय-वस्तु के लिए सावधानियाँ बरतनी चाहिए।

ब्राउज़र प्रकटीकरण सेटिंग

स्टैंडबाय मोड में **मेनू** > *वेब* > *सेटिंग* > *प्रकटीकरण सेटिंग* चुनें। पाठ्य को अगली पंक्ति पर जारी रखने के लिए *लेख अधोरखित* > *चालू* चुनें। यदि आप *बंद* चुनते हैं, तो पाठ्य संक्षिप्त बन जाता है। यदि *आकृति दिखाएँ* > *नहीं* चुनते हैं तो पृष्ठ पर आने वाली कोई भी *आकृति* दिखाई नहीं देगी। ब्राउज़िंग के दौरान जब एक सुरक्षित संपर्क असुरक्षित संपर्क में बदल जाता है, फ़ोन का सतर्क सेट करने के लिए *सतर्क* > *असुरक्षित मदों ,के लिए* सतर्क > *हाँ*, चुनें। ब्राउज़िंग के दौरान जब सुरक्षित पृष्ठ में असुरक्षित सूचना होती है, तब फोन को सतर्क करने के लिए *असुरक्षित सूचना के लिए सतर्क* > *हाँ*, चुनें। ये सतर्क सुरक्षित संपर्क की गारंटी नहीं देते। ऐसे ब्राउज़र पेज, जिनमें यह जानकारी नहीं रहती कि हमेशा UTF-8 एनकोडिंग का उपयोग करें या नहीं, तो उनका वर्ण सेट चुनने के लिए अथवा किसी संगत फ़ोन पर कोई वेब पता भेजते समय *वर्ण एनकोडिंग* का चयन करें।

कॉपीराइट © 2007 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

सेवा इनबॉक्स

आपका फ़ोन आपके सेवा प्रदाता द्वारा भेजे गए सेवा संदेश (नेटवर्क सेवा) (पुश्ड संदेश) प्राप्त कर सकता है। सेवा संदेश पढ़ने के लिए *प्रदशित* चयन करें। यदि आप **बाहर,** चयनित करते हैं तब संदेश **सर्विस इनबॉक्स,** में चला जाएगा। सेवा संदेश सुनने के लिए फोन की सेटिंग करने के लिए **मेनू** > *वेब* > *सेटिंग* > *सर्विस इनबॉक्स सेटिंग* > *सेवा संदेशे* > *चालू* का चयन करें।

ब्राउज़र सुरक्षा

कुछ सेवाओं, जैसे बैंकिंग सेवाओं या ऑनलाइन शॉपिंग के लिए सुरक्षा सुविधाओं की आवश्यकता हो सकती है। ऐसे संपर्कों के लिए आपको सुरक्षा प्रमाणपत्रों और संभवतः एक सुरक्षा मॉड्यूल की आवश्यकता होती है जो संभवतः आपके सिम कार्ड पर उपलब्ध हो। अधिक जानकारी के लिए अपने सेवा प्रदाता से संपर्क करें।

कॉपीराइट © 2007 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

■ सिम सेवाएँ

आपका सिम कार्ड अतिरिक्त सेवाएँ प्रदान कर सकता है। अधिक जानकारी के लिए आपके सेवा प्रदाता से संपर्क करें।

कॉपीराइट © 2007 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

6. बैटरी संबंधी जानकारी

■ चार्ज एवं डिस्चार्ज करना

आपके उपकरण में दोबारा चार्ज की जा सकने वाली बैटरी से ऊर्जा प्रवाहित होती है। बैटरी सैकड़ों बार चार्ज और डिस्चार्ज हो सकती है, पर अंततः उसकी कार्यक्षमता समाप्त हो जाती है। जब वार्ता एवं स्टैंडबाय का समय उनकी सामान्य अवधि की तुलना में काफी कम होने लगे तो बैटरी बदल दें। केवल नोकिया द्वारा स्वीकृत बैटरी ही प्रयोग करें, और इस उपकरण को केवल नोकिया द्वारा स्वीकृत उस चार्जर से ही चार्ज करें जिसे इस उपकरण के लिए निर्दिष्ट किया गया है।

यदि बदली गयी बैटरी पहली बार प्रयोग की जा रही है या बैटरी को काफी अवधि से प्रयोग नहीं किया गया है, तो चार्जर से जोड़ना आवश्यक हो सकता है, और फिर चार्जिंग शुरू करने के लिए पहले इसका संपर्क हटाएँ और फिर दोबारा जोड़ें।

प्रयोग में न होने पर बिजली के प्लग तथा उपकरण से चार्जर के प्लग को हटा दें। पूर्णतः चार्ज की गयी बैटरी को चार्जर से जुड़ा न रहने दें, क्योंकि यह बैटरी के कार्यकाल को कम कर देती है। यदि प्रयोग न की गयी तो कुछ समय के बाद पूर्ण चार्ज की हुई बैटरी का चार्ज कम हो जाएगा।

कॉपीराइट © 2007 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

यदि बैटरी पूर्ण रूप से डिस्चार्ज कर दी गयी है, तो कोई भी कॉल करने से पहले या चार्जिंग संकेतक को प्रदर्शन पटल पर प्रकट होने में कुछ मिनट लग सकते है।

बैटरी को केवल इसके अभीष्ट उद्देश्य के लिए ही प्रयोग करें। क्षतिग्रस्त चार्जर या बैटरी का कभी भी प्रयोग न करें।

बैटरी को कभी शॉर्ट-सर्किट न होने दें। बैटरी के धनात्मक (+) और ऋणात्मक (-) टर्मिनलों से सिक्के, क्लिप अथवा पेन जैसे किसी धात्विक पदार्थ का सीधा संपर्क हो जाने की दशा में बैटरी संयोगवश शॉर्ट-सर्किट हो सकती है। (ये बैटरी पर धात्विक पट्टी की तरह दिखते हैं)। उदाहरण हेतु, यह प्रक्रिया आपके द्वारा किसी अतिरिक्त बैटरी को पर्स या पॉकेट में ले जाते समय घटित हो सकती है। टर्मिनलों के शॉर्ट-सर्किट हो जाने से बैटरी अथवा संबद्ध पदार्थ क्षतिग्रस्त हो सकते हैं।

गर्म अथवा ठंडे स्थान जैसे गर्मी अथवा जाड़े में बैटरी को किसी बंद कार में रखने से बैटरी की कार्यक्षमता और कार्य-अवधि घट जाती है। बैटरी को हमेशा 15°सेंटीग्रेड से 25° सेंटीग्रेड (59° फॉरेनहाइट से 77° फॉरेनहाइट) तापमान के बीच रखने का प्रयास करें। बैटरी के गर्म या ठंडा होने की स्थिति में संभव है कि उसके पूरी तरह चार्ज होने पर भी उपकरण अस्थाई रूप से कार्य न करे। हिमांक से नीचे तापमान में बैटरी की क्रियाशीलता काफी घट जाती है।

कॉपीराइट © 2007 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

बैटरियों का आग में निपटान न करें क्योंकि वे विस्फोट कर सकती हैं। क्षतिग्रस्त बैटरियाँ भी विस्फोट कर सकती हैं। प्रयोग में न आ सकने वाली बैटरियों को स्थानीय विनियमों के अनुसार ही नष्ट करें। उसे यथासंभव रिसाइकल करने का प्रयास करें। बैटरियों को घर के साधारण कूड़े की तरह न फेंकें।

बैटरी लीक हो जाने की स्थिति में सेलों या बैटरियों को खोलें या तोड़ें नहीं, बैटरी से रिसाव हाने पर उस तरल पदार्थ को त्वचा या आँखों के संपर्क न आने दें। और ऐसे रिसाव की दशा में तुरंत अपनी त्वचा और आँखों को पानी से धोएँ या डॉक्टरी सहायता प्राप्त करें।

महत्त्वपूर्ण: बैटरी का वार्ता या स्टैंडबाय समय केवल अनुमानित होता है और यह सिग्नल क्षमता, नेटवर्क की स्थिति, प्रयोग की गई विशेषताओं, बैटरी के नई-पुरानी होने, और उसकी स्थिति, बैटरी के परिवेश के तापमान, डिजिटल मोड में उसके प्रयोग किए जाने तथा अन्य कई पहलुओं पर निर्भर करता है। उपकरण को जितने समय तक कॉलों के लिए इस्तेमाल किया जाएगा उसका उतना स्टैंडबाय समय पर प्रभाव पड़ेगा। इसी प्रकार उपकरण जितने समय स्टैंडबाय मोड में इस्तेमाल किया जाता है उसका भी वार्ता समय पर असर पड़ता है।

कॉपीराइट © 2007 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

■ Nokia बैटरी प्रमाणीकरण दिशानिर्देश

अपनी सुरक्षा के लिए हमेशा मूल Nokia बैटरियों का ही उपयोग करें। यह जाँचने के लिए कि आपको मूल Nokia बैटरी ही मिल रही है, बैटरी को अधिकृत Nokia डीलर से ही खरीदें, और निम्नलिखित चरणों का पालन करते हुए होलोग्राम लेबल की जाँच करें:

इन उपायों को सफलतापूर्वक करने पर भी बैटरी की प्रामाणिकता को पूर्ण रुप से सुनिश्चित नहीं किया जा सकता। यदि आपके पास यह मानने का कोई कारण हो कि आपकी बैटरी अधिकृत Nokia बैटरी नहीं है तो आप उसका उपयोग न करें। यदि प्रामाणिकता की पुष्टि नहीं होती है, तो जहाँ से बैटरी खरीदी है वहाँ वापस लौटा दें।

होलोग्राम प्रमाणित करें

1. लेबल पर होलोग्राम को देखते समय आपको एक कोण से Nokia का जुड़ते हुए हाथों का निशान और दूसरे कोण से Nokia ओरिजिनल अतिरिक्त उपकरण लोगो दिखना चाहिए।

2. होलोग्राम को बाएँ, दाएँ, नीचे व ऊपर से देखने पर आपको प्रत्येक ओर क्रमश: 1, 2, 3 तथा 4 बिंदु नज़र आने चाहिए।

यदि आपकी बैटरी अधिकृत न हो तो क्या होगा?

यदि आप सुनिश्चित नहीं हैं कि लेबल पर होलोग्राम वाली आपकी Nokia बैटरी अधिकृत Nokia बैटरी नहीं है, तो कृपया बैटरी का उपयोग न करें। ऐसी किसी बैटरी का उपयोग खतरनाक हो सकता है जो निर्माता द्वारा स्वीकृत नहीं है, और इसके फलस्वरूप आपके उपकरण और उसके अतिरिक्त उपकरणों की कार्यक्षमता में कमी हो सकती है या उन्हें क्षति पहुँच सकती है। इसके कारण उपकरण पर लागू कोई स्वीकृति या वारंटी भी अमान्य हो सकती है।

मौलिक Nokia बैटरियों के बारे में जानने के लिए www.nokia-asia.com/batterycheck पर भेंट करें।

 कॉपीराइट © 2007 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

7. अतिरिक्त उपकरण

अतिरिक्त उपकरणों की नई विस्तृत श्रेणी आपके फ़ोन के लिए उपलब्ध है। अधिक जानकारी हेतु कृपया www.nokia-asia.com/enhancement का अवलोकन करें।

अतिरिक्त उपकरणों की उपलब्धता के लिए, कृपया अपने स्थानीय विक्रेता से पूछें। सहायक व अतिरिक्त उपकरणों के बारे में कुछ व्यावहारिक नियमों की जानकारी भी प्राप्त की जा सकती है।

- छोटे बच्चों की पहुँच से इन अतिरिक्त उपकरणों को दूर रखें।
- जब भी आप किसी सहायक व अतिरिक्त उपकरण की पॉवर कॉर्ड डिस्कनेक्ट करें, तो प्लग को पकड़ कर बाहर निकालें, कॉर्ड को नहीं।
- नियमित रूप से जाँचें कि आपके वाहन में सभी अतिरिक्त उपकरण उचित रूप से माउंट किए गए और कार्यरत हैं।

कॉपीराइट © 2007 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

फ़ोन निर्माता द्वारा स्वीकृत बैटरियों, चार्जर, और अतिरिक्त उपकरणों का उपयोग करें। अन्य किसी भी प्रकार का उपयोग फ़ोन पर लागू किसी भी स्वीकृति या वारंटी को अमान्य कर सकता है, और खतरनाक हो सकता है।

■ बैटरी

प्रकार	टॉकटाइम#	स्टेंडबाय#
BL-5BT	6 घंटे तक	580 घंटे तक

प्रचालन समय में परिवर्तन सिम कार्ड, नेटवर्क और उपयोग सेटिंग, उपयोग शैली और वातावरण के आधार पर परिवर्तनीय हो सकता है।

■ नोकिया Bluetooth हेडसेट BH-100

नोकिया Bluetooth हैंडसैट बीएच–100 आपके लिए ही है और हमें आशा हे कि आप इसकी फोरहैड टर्निंग स्टाइल के कारण आप इसे खोना नहीं चाहेंगे।

कॉपीराइट © 2007 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

■ नोकिया वायरलेस प्लग.इन कार हैंडफ्री HF-33W

नोकिया बेतार च्लग–इन हैंडसैट एचएफ–33डबल्यू आपके लिए ही है और यदि आप सड़क पर अधिक समय व्यतीत करना चाहते हैं और स्टायलिश फोन चाहते हैं तब यह उपकरण व्यक्तियों तथा व्यापार संपर्कों की स्थापना तथा उन्हें संजोए रखने के लिए सरल है।

■ नोकिया बैटरी चार्ज़िंग स्टैंड DT-14

यदि आप एक अतिरिक्त फ़ोन बैटरी को चार्ज़ करने का एक स्टाइलिश और सुविधाजनक तरीका चाहते हैं, तो नोकिया बैटरी चार्ज़िंग स्टैंड DT-14 आपके लिए ही है।

कॉपीराइट © 2007 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

देखभाल एवं रख-रखाव

आपका उपकरण बेहतर डिजाइन और कारीगरी का उत्पाद है तथा इसका प्रयोग अत्यंत सावधानी से किया जाना चाहिए। आगे दिए गए सुझावों का पालन करने से आपकी वारंटी जारी रखने में मदद मिलेगी।

- उपकरण को सूखा रखें। वर्षा, आर्द्रता, तथा सभी प्रकार के द्रव या नमी में से ऐसे खनिज हो सकते हैं, जो इलेक्ट्रॉनिक सर्किट को क्षतिग्रस्त कर सकते हैं। यदि आपका उपकरण गीला हो जाता है, तो बैटरी को हटा दें तथा इसे बदलने से पहले उपकरण को पूर्णत: सूखने दें।
- धूल-भरे, गंदे स्थानों पर अपने उपकरण का न तो प्रयोग करें और न ही रखें। ऐसा करने से इसके गतिशील पुर्जे और इलेक्ट्रॉनिक अवयव क्षतिग्रस्त हो सकते हैं।
- उपकरण को गर्म जगहों पर न रखें। उच्च तापमान इलेट्रॉनिक उपकरण का कार्यकाल घटा देता है, बैटरी को क्षतिग्रस्त करता है और कुछ प्लास्टिक भागों को मोड़ अथवा पिघला देता है।
- उपकरण को ठंडी जगहों में न रखें। ऐसी जगहों पर रखने पर उपकरण के सामान्य तापमान की अवस्था में लौटने की स्थिति में उसके अंदर नमी पैदा हो सकती है और उसका इलेक्ट्रॉनिक सर्किट बोर्ड क्षतिग्रस्त हो सकता है।
- इस मार्गदर्शिका में बताए गए तरीके के अलावा किसी अन्य तरीके से उपकरण को खोलने का प्रयास न करें।

कॉपीराइट © 2007 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

- उपकरण को गिरने, धक्का लगने, अथवा तेजी से हिलने-डुलने से बचाएँ। उपकरण का असावधानी से प्रयोग करने से उसका आंतरिक सर्किट बोर्ड और बारीक कारीगरी टूट सकती है।
- उपकरण की सफाई के लिए तेज रसायन, सॉलवेंट अथवा डिटर्जेंट का इस्तेमाल न करें।
- उपकरण को पेंट न करें। पेंट करने से उपकरण के गतिशील पुर्जे अवरुद्ध हो सकते हैं और उसका समुचित प्रचालन बाधित हो सकता है।
- किसी भी लेंस, जैसे कि कैमरा, प्रॉक्सिमिटी सेंसर, तथा प्रकाश सेसर लेंस,को साफ करने के लिए मुलायम, साफ और सूखे कपड़े का प्रयोग करें।
- केवल आपूर्ति किए गए अथवा स्वीकृत प्रतिस्थापक एंटीना का ही प्रयोग करें। अनधिकृत एंटीना लगाने, उसमें परिवर्तन करने, अथवा उसे अतिरिक्त उपकरण से संलग्न करने से उपकरण क्षतिग्रस्त हो सकता है तथा रेडियो उपकरणों पर लागू होने वाले विनियमों का उल्लंघन हो सकता है।
- चार्जर को अंदर ही प्रयोग करें।
- जिस डाटा को आप रखना चाहते हैं, जैसे कि संपर्क तथा कैलेंडर लेख उसका सदैव बैकअप बना लें।
- उपकरण को समय-समय पर बेहतर कार्य-निष्पादन के लिए पुनः सेट करने हेतु, ऊर्जा बंद कर दें और बैटरी हटा दें।

कॉपीराइट © 2007 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

ऊपर दिए गए सभी सुझाव आपके उपकरण, बैटरी, चार्जर और किसी भी अतिरिक्त उपकरण पर समान रूप से लागू होते हैं। यदि कोई उपकरण ठीक ढंग से कार्य न कर रहा हो, तो उसे मरम्मत के लिए निकटतम अधिकृत सेवा केंद्र पर ले जाएँ।

कॉपीराइट © 2007 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

सुरक्षा संबंधी अतिरिक्त जानकारी

■ छोटे बच्चे

आपके उपकरण तथा इसके अतिरक्त उपकरणों में छोटे-छोटे कल-पुर्जे हो सकते हैं। अत: उन्हें छोटे बच्चों की पहुँच से दूर रखें।

■ प्रचालन परिवेश

यह उपकरण जब कान के सामने सामान्य स्थिति में रखकर या शरीर से कम से कम 2.2 सेंटीमीटर (7/8 इंच) की दूरी पर रखकर प्रयोग किया जाता है, तो आरएफ एक्स्पोंज़र दिशानिर्देशों को पूरा करता है। जब शरीर पर पहने हुए प्रचालन के लिए कैरी केस, बेल्ट क्लिप, या होल्डर का प्रयोग किया जाता है, तो इनमें धातु नहीं होनी चाहिए तथा उपकरण को शरीर से ऊपर बतायी गयी दूरी पर रखना चाहिए। डाटा फाइलों या संदेशों को प्रेषित करने के लिए, इस उपकरण को नेटवर्क के लिए अच्छे स्तर के संपर्क की जरूरत होती है। कुछ मामलों में, ऐसा संपर्क उपलब्ध होने तक डाटा फाइलों या संदेशों के प्रेषण में विलंब हो सकता है। सुनिश्चित करें कि प्रेषण पूर्ण होने तक उपर्युक्त पार्थक्य दूरी के निर्देशों का पालन किया गया है।

उपकरण के पुर्जे चुम्बकीय होते हैं। धातु की सामग्री उपकरण की ओर आकर्षित हो सकती है। क्रेडिट कार्ड या अन्य चुम्बकीय भंडारण माध्यम को उपकरण के समीप नहीं रखना चाहिए, क्योंकि इससे उनमें संचित सूचना मिट सकती हैं।

कॉपीराइट © 2007 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

■ चिकित्सा उपकरण

वायरलेस फोन सहित कोई भी रेडियो प्रसारक उपकरण अपर्याप्त रूप से सुरक्षित चिकित्सा उपकरणों के कार्य प्रचालन में व्यवधान पैदा कर सकता है। किसी फिजिशियन या चिकित्सा उपकरण निर्माता से यह निर्धारित करने के लिए परामर्श करें कि क्या वे बाहरी रेडियो फ्रीक्वेंसी (आरएफ) ऊर्जा से पर्याप्त रूप से सुरक्षित हैं अथवा अपने किसी अन्य प्रश्न के लिए भी उनसे परामर्श करें। जब स्वास्थ्य देखभाल केन्द्रों के विनियमों में आपको उपकरण बंद करने का निर्देश हो तो अपना उपकरण बंद रखें। अस्पताल या स्वास्थ्य देखभाल केंद्र में ऐसे उपकरण प्रयोग में हो सकते हैं जो बाहरी आरएफ ऊर्जा के प्रति संवेदनशील हों।

निरोपित चिकित्सा उपकरण

चिकित्सा उपकरणों के निर्माताओं की सलाह है कि चिकित्सा उपकरण के साथ संभावित व्यवधान से बचने के लिए, वायरलेस उपकरण तथा निरोपित चिकित्सा उपकरण, जैसे पेसमेकर या निरोपित कार्डिओवर्टर डीफिब्रीलेटर के बीच कम से कम 15.3 सेंटीमीटर (6 इंच) की दूरी रखनी चाहिए। ऐसे उपकरण धारण करने वाले व्यक्ति को चाहिए:

- वायरलेस उपकरण के चालू होने की स्थिति में चिकित्सा उपकरण से वायरलेस उपकरण को सदैव 15.3 सेंटीमीटर (6 इंच) से अधिक दूरी पर रखें।
- वायरलेस उपकरण को सीने की तरफ वाली जेब में न रखें।
- संभावित व्यवधान को न्यूनतम करने के लिए चिकित्सा उपकरण लगे हुए कान के विपरीत कान की तरफ वायरलेस उपकरण को पकड़ें।

कॉपीराइट © 2007 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

- यदि व्यवधान होने की आशंका हो, तो वायरलेस उपकरण को तुरंत बंद कर दें।
- निरोपित चिकित्सा उपकरण से संबंधित निर्माता के निर्देशों को पढ़ें और पालन करें।

यदि निरोपित चिकित्सा उपकरण के साथ अपने वायरलेस उपकरण के प्रयोग के बारे में आपके कोई प्रश्न हैं, तो अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता (डॉक्टर) से परामर्श करें।

श्रवण उपकरण

कुछ डिजिटल वायरलेस उपकरण कुछ श्रवण उपकरणों में व्यवधान पैदा कर सकते हैं। यदि व्यवधान उत्पन्न होता है, तो अपने सेवा प्रदाता से परामर्श करें।

■ वाहन

आरएफ सिग्नल मोटर वाहनों में गलत तरीके से लगाना या अपर्याप्त रूप से सुरक्षित इलेक्ट्रॉनिक प्रणालियों जैसे:इलेक्ट्रॉनिक फ्यूल इंजेक्शन प्रणाली, इलेक्ट्रॉनिक एंटीस्किड (एंटीलॉक) ब्रेक प्रणाली, इलेक्ट्रॉनिक गति नियंत्रण प्रणाली, तथा एयरबैग प्रणाली को प्रभावित कर सकते हैं। इस संबंध में और अधिक जानकारी के लिए अपने मोटर वाहन अथवा उससे संबंधित किसी उपकरण के निर्माता या उसके प्रतिनिधि से संपर्क करें।

उपकरण की मरम्मत अथवा उसे वाहन में लगवाने का काम केवल प्रशिक्षित कर्मचारी से कराएँ। उपकरण को गलत ढंग से लगवाना या मरम्मत करवाना खरतनाक हो सकता है, और इससे उपकरण पर लागू होने वाली कोई भी वारंटी अमान्य हो सकती है। इस बात की नियमित रूप से जाँच करते रहें कि आपके वाहन में लगाए गए सभी उपकरण

कॉपीराइट © 2007 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

अपनी जगह पर हैं और उपयुक्त ढंग से कार्य कर रहे हैं। ज्वलनशील तरल पदार्थों, गैसों, वा विस्फोटक पदार्थों को उपकरण, उसके अवयवों एवं अतिरिक्त उपकरणों की तरह फोन के साथ एक ही जगह में न ले जाएँ, अथवा संचित न करें। याद रखें कि एयरबैग से युक्त वाहनों में एयरबैग काफी तीव्रता से फूलता है। अतः इंस्टॉल किए गए अथवा एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाने वाले वाले पदार्थों तथा वायरलेस उपकरणों को एयरबैग के ऊपर अथवा उसके फूलने पर घेरे जा सकने वाले क्षेत्र में रखें। यदि वाहन में उपकरण ठीक ढंग से लगा हुआ नहीं है और एयरबैग फूलता है, तो याद रखें कि इससे गंभीर दुर्घटना हो सकती है।

विमान में यात्रा करने के दौरान उपकरण के प्रयोग पर पाबंदी है। विमान में सवार होने से पहले अपने उपकरण को बंद कर दें। विमान में वायरलेस टेली उपकरण का प्रयोग करने से उसके प्रचालन के लिए खतरा पैदा हो सकता है, इससे उसका वायरलेस टेलीफोन नेटवर्क बाधित हो सकता है, और संभव है कि विमान में वायरलेस फोन का प्रयोग गैर-कानूनी माना जाए।

■ संभावित विस्फोटक वातावरण

यदि आप किसी ऐसे क्षेत्र में हों, जिसमें विस्फोट होने की आशंका हो, तो फोन बंद कर दें और हर प्रकार के संकेतों और निर्देशों का पालन करें। विस्फोटों के प्रति संवेदनशील क्षेत्रों में वे क्षेत्र भी शामिल हैं, जिनमें आपको सामान्यतः अपने वाहन का इंजन बंद करने की सलाह दी जाती है। ऐसे क्षेत्रों में कोई चिंगारी, विस्फोट अथवा अग्निकांड का कारण बन सकती है, जिसके कारण शरीर को क्षति पहुंच सकती है, अथवा यह जानलेवा साबित हो सकती है। अपने फोन को सर्विस स्टेशनों के पास गैस पंपों, जैसे

कॉपीराइट © 2007 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

ईंधन भराने वाले स्थान के निकट बंद कर दें। ईंधन के डिपो, संग्रह के स्थानों और उसके वितरण क्षेत्रों, रसायन संयंत्रों अथवा जिन स्थानों पर विस्फोट की प्रक्रिया जारी हो, वहाँ पर रेडियो उपकरणों के प्रयोग पर लगे प्रतिबंधों का पालन करें। विस्फोट की आशंका वाले क्षेत्रों को हमेशा चिन्हित कर दिया जाता है, पर कई बार वे स्पष्ट रूप से चिन्हित नहीं होते हैं। नावों की निचली डेक, रसायन स्थानांतरण या संग्रहों के केन्द्र, तरल पेट्रोलियम गैसों (जैसे कि प्रोपेन या ब्यूटेन) का प्रयोग करने वाले वाहन और रसायन या कणों जैसे कि अनाज, धूल एवं धातु से भरे वायुमंडल वाले क्षेत्रों को इस प्रकार के क्षेत्रों में शामिल माना जा सकता है।

■ आपातकालीन कॉलें

महत्त्वपूर्णः वायरलेस फोन, जिसमें यह उपकरण भी शामिल है, रेडियो सिग्नलों, वायरलेस नेटवर्कों, भू-लाइन नेटवर्कों और प्रयोक्ता द्वारा प्रोग्राम की गयी कार्यप्रणालियों के आधार पर प्रचालित होते हैं। इसलिए सभी परिस्थितियों में संपर्क स्थापित होने की गारंटी नहीं दी जा सकती। आपातकालीन चिकित्सा सहायता जैसे आवश्यक संदेश संप्रेषण के लिए वायरलेस उपकरण पर पूरी तरह कभी भी निर्भर न रहें।

कॉपीराइट © 2007 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

आपातकालीन कॉल करना:

1. यदि उपकरण चालू नहीं है, तो उसे चालू करें। पर्याप्त सिग्नल क्षमता की जाँच करें।

   संभव है कुछ नेटवर्कों में उपकरण में एक मान्य सिम कार्ड उचित ढंग से डालने की जरूरत हो।

2. प्रदर्शन पटल को खाली करने तथा फोन को कॉलों के लिए तैयार करने हेतु जितनी बार जरूरत हो, समाप्ति कुंजी को दबाएँ।

3. अपनी वर्तमान स्थिति का, आधिकारिक आपातकालीन नम्बर प्रविष्ट करें। आपातकालीन नम्बर स्थान के अनुसार भिन्न-भिन्न हो सकते हैं।

4. कॉल कुंजी को दबाएँ।

यदि कुछ विशेषताएँ प्रयोग में हैं, तो आपको आपातकालीन कॉल करने से पूर्व उन विशेषताओं को बंद करना होगा। अधिक जानकारी के लिए इस मार्गदर्शिका को देखें या अपने सेवा प्रदाता से परामर्श करें।

आपातकालीन कॉल करते समय सभी आवश्यक जानकारियाँ यथासम्भव सही-सही देना याद रखें। दुर्घटना स्थल पर आपका वायरलेस फोन ही संचार का एकमात्र साधन हो सकता है। अतः कॉल तब तक समाप्त न करें जब तक ऐसा करने के लिए कहा न जाए।

 कॉपीराइट © 2007 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

प्रमाणन जानकारी (SAR)

यह मोबाइल उपकरण रेडियो तरंगों से संपर्क के दिशानिर्देशों का पालन करता है।

आपका मोबाइल उपकरण एक रेडियो ट्रांसमिटर व रिसीवर भी है। यह इस तरह बनाया गया है ताकि यह अंतर्राष्ट्रीय दिशानिर्देशों द्वारा अनुशंसित रेडियो तरंगों से संपर्क की सीमाओं को पार न करे। यह दिशानिर्देश स्वतंत्र वैज्ञानिक संगठन ICNIRP द्वारा तैयार किए गए थे और इनमें वे सुरक्षा सीमाएँ शामिल हैं जो उम्र व स्वास्थ्य पर ध्यान दिए बिना सभी लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बनाई गई हैं

मोबाइल उपकरणों के एक्सपोज़र दिशानिर्देश मापन की एक इकाई का उपयोग करते हैं जिसे विशिष्ट अवशोषण दर या SAR के नाम से जाना जाता है। ICNIRP दिशानिर्देशों में वर्णित SAR सीमा 2.0 वॉट/किलोग्राम (W/kg) है जो 10 ग्राम टिशू के औसत के आधार पर निर्धारित की गई है। SAR के लिए परीक्षण मानक परिचालन स्थितियों में किए जाते हैं जहाँ उपकरण सभी परीक्षित फ्रीक्वेंसी बैंड्स में उसके उच्चतम प्रमाणित ऊर्जा स्तर पर संप्रेषण करती है। किसी परिचालित उपकरण का वास्तविक SAR स्तर अधिकतम मान से कम हो सकता है क्योंकि उपकरण केवल नेटवर्क तक पहुँचने के लिए आवश्यक पॉवर का उपयोग करने के लिए बनाया गया है। आप नेटवर्क बेस स्टेशन से कितने करीब हैं इसके जैसे कई घटकों पर निर्भर करते हुए यह मात्रा परिवर्तित हो सकती है। कान के पास उपकरण के उपयोग के लिए तय ICNIRP मार्गनिर्देशों के तहत उच्चतम SAR मान 0.95 W/kg है।

उपकरण के सहायक व अतिरिक्त उपकरणों के उपयोग के परिणामस्वरूप भिन्न SAR मान हो सकते हैं। SAR मान राष्ट्रीय रिपोर्टिंग और परीक्षण आवश्यकताओं और नेटवर्क बैंड पर निर्भर करते हुए अलग अलग हो सकते हैं। अतिरिक्त SAR जानकारी www.nokia.com पर उत्पाद जानकारी के तहत उपलब्ध कराई जा सकती है।

अनुक्रमणिका

अ

अलार्म घड़ी 53
अनुप्रयोग 55
आपातकालीन कॉलें 77
ऑडियो संदेश 30
अतिरिक्त उपकरण 67

ए

एक्सेस कोड 10

क

कैलेंडर 54
कॉल 20

प

पासवर्ड 11
पाठ संदेश 26
पृष्ठचिन्ह 57

ब

बैटरी 68
बैटरी
    प्रमाणीकरण 65
    चार्ज़िंग 13
    स्थापना 12
बैटरी चार्ज करें 13
Bluetooth 40
ब्राउज़र 57

म

मल्टीमीडिया संदेश 27

र

FM रेडियो 52

कॉपीराइट © 2007 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

ल

लाउडस्पीकर 20

श

शॉर्टकट 38

स

सिम कार्ड स्थापना 12
स्टेंडबाई मोड 18
संदेश 23
संपर्क 33

कॉपीराइट © 2007 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

हिन्दी पाठ्य लेखन

यह फोन हिन्दी में संदेश भेजने और पाने में सक्षम है। यह एक नेटवर्क आधारित सुविधा है। कृपया अपने नेटवर्क ऑपरेटर से इस सुविधा की उपलब्धता के बारे में पूछें।

■ लेखन की भाषा सेट करना

पाठ्य संदेश लिखते समय यूजर इंटरफेस की भाषा कोई भी होने पर भी हिन्दी भाषा का चयन किया जा सकता है। ऐसा करने के लिए **विकल्प** > *लेखन भाषा* चयन करें। हिन्दी भाषा चुनने के लिए एरो (तीर) कुंजियों का इस्तेमाल करें और *चयन करें* दबाएँ।

या फिर जब आप एडीटर में हों तब हिन्दी भाषा चयन करने के लिए ***#*** को दबाकर रखें। ***#*** को दबाये रखने से फोन पर चयन करने की सूची प्रदर्शित होगी। इस सूची में दिये गये विकल्प:

- लैटिन संख्या मोड सक्रियन
- लेखन भाषा का चयन

कॉपीराइट © 2007 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

हिन्दी अक्षर तीन प्रकार से हैं:

- केवल स्वर, उदाहरण के लिए **अ**, **आ**, **इ**, **ई**, **उ**, **ऊ**
- एक स्वर और एक व्यंजन का मिश्रण, उदाहरण के लिए **ग**, **तु**
- अनेक व्यंजनों का मिश्रण, उदाहरण के लिए **ज्ञ**, **श्र**

जब आप हिन्दी इनपुट का प्रयोग करते हुए पाठ्य लिखते हैं तो संकेतक **अ आ इ** डिस्प्ले के बाईं तरफ ऊपर की ओर दिखाई देता है। आप अंग्रेजी पाठ्य लेखन, अंक लेखन और हिन्दी पाठ्य लेखन बदलकर, हिन्दी पाठ्य के साथ अंग्रेजी पाठ्य और अंक जोड़ सकते हैं।

■ # कुंजी का अनुप्रयोग

के प्रयोग से आप एडीटर में रहते हुए हिंदी और अंग्रेजी अक्षरों के बीच आ-जा सकते हैं। लेखन भाषा हिन्दी होने पर भी आप अंग्रेजी में संदेश लिख सकते हैं।

आप हिन्दी और अंग्रेजी अक्षरों को जोड़ कर संदेश बना सकते हैं। विभिन्न पाठ्य लेखन को जल्दी-जल्दी बदलने के लिए **#** का इस्तेमाल करें। अगर हिन्दी पाठ्य लेखन का चयन करेंगे तो हर बार जल्दी-जल्दी **#** दबाने पर फोन पाठ्य लेखन के विभिन्न मोडों से जाता है:

- लैटिन अपर केस मोड **ABC**
- लैटिन लोअर केस मोड **abc**

कॉपीराइट © 2007 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

- लैटिन नंबर मोड **123**
- हिन्दी पाठ्य लेखन **अ आ इ**

लगातार दबाने से अंग्रेजी T9 शब्दकोश उपलब्ध नहीं होती।

अगर आप अंग्रेजी T9 शब्दकोश इस्तेमाल करना चाहते हैं तो अंग्रेजी को लेखन भाषा में चयन करें। अंग्रेजी भाषा के चयन के लिए **#** दबाकर रखें और *अंग्रेजी* चयन करें। आप अंग्रेजी T9 शब्दकोश इस्तेमाल कर सकते हैं।

■ हिन्दी कुंजीपटल

हिन्दी भाषा के अक्षरों की संख्या के लिए **0** से **9** तक की कुंजियाँ पर्याप्त नहीं। कुंजियाँ और उन पर उपलब्ध अक्षरों की सूची नीचे दी गई है:



कॉपीराइट © 2007 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

	प्रयुक्त अक्षर (कुंजियों को इस क्रम में दबाएँ)												
कुंजी	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13
1	◌ँ	◌ं	◌ः	र्◌	◌्र	◌्	1	।	.	,	?	!	
2	अ	आ	इ	ई	उ	ऊ	ऋ	2					
2¤	◌ा	ि◌	◌ी	◌ु	◌ू	◌ृ	2						
3	ए	ऐ	ऍ	ओ	औ	ऑ	3						
3¤	◌े	◌ै	◌ॅ	◌ो	◌ौ	◌ॉ	3						
4	क	ख	ग	घ	ङ	4	क़	ख़	ग़				
5	च	छ	ज	झ	ञ	5	ज़						
6	ट	ठ	ड	ढ	ण	6	ड़	ढ़					
7	त	थ	द	ध	न	7	ऩ						
8	प	फ	ब	भ	म	8	फ़						
9	य	र	ल	ळ	व	श	ष	स	ह	9	ऱ	ऴ	य़
0	␣	0	↵										

जब आप **1** का प्रयोग करते हैं, तो हलंत और रकार, केवल व्यंजन के बाद उपलब्ध होते हैं, जबकि रेफ व्यंजन या मात्रा सहित व्यंजन के बाद उपलब्ध होता है।रुपांतरक (चंद्रबिंदु, अनुस्वार और विसर्ग) व्यंजन, स्वरों, और मात्राओं के बाद उपलब्ध होते हैं। **2**¤ तथा **3**¤ की मात्राओं का प्रयोग किसी व्यंजन को लिखने के बाद ही हो सकता है।

कॉपीराइट © 2007 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

■ अक्षर लेखन

1. जब कर्सर ब्लिंक कर रहा हो तब आप अक्षर लिख सकते हैं।
2. स्वतंत्र स्वर या मात्रायें उनके पहले आए अक्षर के आधार पर **2** और **3** द्वारा लिखी जा सकती हैं।
    - जहाँ लिखना है अगर उससे पहले वाला अक्षर व्यंजन है तो यह कुंजी मात्रा लिखेगी। उदाहरण के लिए:
        - अगर आप **ज** लिखते हैं (**5** को तीन बार दबाएँ) और फिर **2** को एक बार दबाते हैं तो पाठ्य **जा** मिलता है।
        - अगर आप **ज** लिखते हैं (**5** को तीन बार दबाएँ) और फिर **3** को एक बार दबाते हैं तो पाठ्य **जे** मिलता है।
    - अन्य सभी स्थितियों में, ये कुंजियाँ स्वतंत्र स्वर देती हैं:
        - अगर आप दो अक्षरों के बीच जगह छोड़ना चाहते हैं (**0** को एक बार दबाएँ) और फिर **2** को एक बार दबायेंगे तो पाठ्य (खाली जगह) **अ** मिलता है।
        - अगर आप **जे** लिखते हैं (**5** तीन बार और **3** एक बार) और फिर **2** एक बार दबायेंगे तो पाठ्य **जेअ** मिलता है।

कॉपीराइट © 2007 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

3. अगर आप व्यंजन के बाद एक स्वतंत्र स्वर लिखना चाहते हैं, तो स्वर लिखने से पहले ***** दबाएँ, (**2** और **3** का इस्तेमाल करते हुए)।

4. व्यंजन वर्गों को **4** से **9** में संजोया गया है।

5. दो अक्षरों के बीच जगह छोड़ने के लिए **0** को दबाएँ।

6. **1** कुंजी हिन्दी के विशिष्ट चिन्हों के लिए है। चंद्रबिंदु, अनुस्वार, विसर्ग, रेफ, रकार और हलंत के लिए इसे दबाएँ।

◌ँ ◌ं ◌ः	चंद्रबिन्दु, अनुस्वार और विसर्ग
र्◌ ◌्र ◌्	रेफ, रकार और हलंत

- अगर आप स्वर **अं** या **अः** लिखना चाहते हैं तो:

इस पाठ्य को लिखने के लिए	**कुंजियों को इस क्रम में दबाएँ (गुणा के चिन्ह के बाद दिया अंक दर्शाता है कि किस कुंजी को कितनी बार दबाया जाए)**
अं	**2** x 1 **1** x 2
अः	**2** x 1 **1** x 3

कॉपीराइट © 2007 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

7. **4** से **9** दबाने पर आप नुक्ता व्यंजन लिख सकते हैं। लैटिन आंकड़ों के बाद नुक्ता व्यंजन आते हैं। उदाहरण के लिए, अगर आप **क़** लिखना चाहते हैं तो **4** को सात बार दबाएँ, ऐसे ही अगर आप **फ़** लिखना चाहते हैं तो **8** को सात बार दबाएँ।

इस पाठ्य को लिखने के लिए	**कुंजियों को इस क्रम में दबाएँ (गुणा के चिन्ह के बाद दिया अंक दर्शाता है कि किस कुंजी को कितनी बार दबाया जाए)**
क़	**4** x 7
फ़	**8** x 7
ज़	**5** x 7
ख़	**4** x 8
ड़	**6** x 7
ग़	**4** x 9
ढ़	**6** x 8

8. अपने पाठ्य संदेश में **0** से **9** तक कोई भी अंक लिखने के लिए, इन अंकों की कुंजियों को दबा कर रखें।

कॉपीराइट © 2007 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

■ अक्षर मिटाना

पाठ्य या अक्षर हटाने के लिए निम्नलिखित तरीकों का इस्तेमाल करें।

- किसी शब्द को हटाने के लिए कर्सर को शब्द के अंत में रखें और **मिटाएँ**। कुंजी बारबार तब तक दबाएँ जब तक पूरा शब्द न हट जाए।
- किसी खास अक्षर को हटाने के लिए कर्सर को एरो (तीर) कुंजियों को आगे-पीछे करें, या एरो (तीर) कुंजियों से ऊपर-नीचे करें और कर्सर की निश्चित जगह का चयन करें। अब **मिटाएँ** कुंजी तब तक दबाएँ, जब तक अक्षर पूरी तरह न हटे।
- पूरे पाठ्य को हटाने के लिए **विकल्प** > *पाठ्य हटाएँ* को चयन करें और *चयन करें* दबाएँ।

आप शब्द की शुरूआत से अक्षर नहीं हटा सकते, यानि शब्द को आगे से पीछे की तरफ हटाना असंभव है।

■ साधारण अक्षर लिखना

आप हिन्दी व्यंजनों और मात्राओं को लिखने के लिए उपयुक्त कुंजी का चयन कर तब तक दबाएँ जब तक चाहे गये व्यंजन और मात्राएँ न मिल जाएँ। उदाहरण के लिये **'सारे'** लिखने के लिए **9** को आठ बार दबाएँ, **2** को एक बार, **9** को दो बार और **3** को एक बार दबाएँ। दो शब्दों के बीच खाली स्थान छोड़ने के लिए **0** दबाएँ।

कॉपीराइट © 2007 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

1. **सारे जहाँ से अच्छा हिन्दोस्ताँ हमारा** इस पाठ्य को लिखने के लिए

इस पाठ्य को लिखने के लिए	अक्षरों का क्रमवार तरीका	कुंजियाँ जिनके उपयोग से उपयुक्त अक्षर मिलेंगे
सारे	स + ा + र + े	9 2 9 3
जहाँ	ज + ह + ा + ँ	5 9 2 1
से	स + े	9 3
अच्छा	अ + च + ् + छ + ा	2 5 * 5 2
हिन्दोस्ताँ	ह + ि + न + ् + द + ो + स + ् + त + ा + ँ	9 2 7 * 7 3 9 * 7 2 1
हमारा	ह + म + ा + र + ा	9 8 2 9 2

कॉपीराइट © 2007 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

2. **दिवाली की शुभकामनाएं** इस पाठ्य को लिखने के लिए

इस पाठ्य को लिखने के लिए	अक्षरों का क्रमवार तरीका	कुंजियाँ जिनके उपयोग से उपयुक्त अक्षर मिलेंगे
दिवाली	द + ि + व + ा + ल + ी	7 2 9 2 9 2
की	क + ी	4 2
शुभकामनाएं	श + ु + भ + क + ा + म + न + ा + ए + ं	9 2 8 4 2 8 7 2 3 1

3. **ईद मुबारक** इस पाठ्य को लिखने के लिए

इस पाठ्य को लिखने के लिए	अक्षरों का क्रमवार तरीका	कुंजियाँ जिनके उपयोग से उपयुक्त अक्षर मिलेंगे
ईद	ई + द	2 7
मुबारक	म + ु + ब + ा + र + क	8 2 8 2 9 4

कॉपीराइट © 2007 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

■ * कुंजी के उपयोग

* का तीन तरह से उपयोग होता है:

- व्यंजनों के मिश्रण के लिए
- किसी व्यंजन के बाद स्वतंत्र स्वर लिखने के लिए
- विशिष्ट अक्षरों के सूचीपत्र को खोलने के लिए * को देर तक दबाएँ रखें

■ व्यंजनों का मिश्रण

अगर हिन्दी पाठ्य लेखन को चुना गया है तो आप * का उपयोग मिश्रित व्यंजन लिखने के लिए एक बार दबाकर कर सकते हैं। क्रम ऐसा है – व्यंजन लिखें, बाद में * दबाएँ और जिस व्यंजन को साथ में लेना है, उसे लिखें। कुछ मिश्रित व्यंजनों के उदाहरण निम्नलिखित सूचीपत्र में दिये गये है।

संयुक्त व्यंजन	व्यंजनों का मेल
क्त	क * त
क्र	क * र
क्ष	क * ष
झ्र	झ * र
त्त	त * त

कॉपीराइट © 2007 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

त्र	त * र
द्व	द * व
ध्र	ध * र
न्न	न * न
श्व	श * व
ह्र	ह * र
ग्र	ग * र
भ्र	भ * र
ह्म	ह * म
द्द	द * द
द्ध	द * ध
द्र	द * र
प्र	प * र
फ्र	फ * र
व्र	व * र
स्र	स * र
ह्य	ह * य
ज्ञ	ज * ञ

ब्र	**ब * र**
द्म	**द * म**
द्य	**द * य**
श्र	**श * र**

अगर आपने अंग्रेजी पाठ्य लेखन चयन किया है, तो आप विशिष्ट अक्षर ***** को एक बार दबाने से पा सकते हैं।

■ व्यंजन के बाद स्वतंत्र स्वर लिखना

अगर आप किसी व्यंजन के बाद स्वतंत्र स्वर लिखना चाहते हैं, तो किसी स्वर को लिखने से पहले (**2** और **3** कुंजी के इस्तेमाल से) ***** दबाएँ।

■ विशिष्ट अक्षरों के सूची-पत्र को खोलना

विशिष्ट अक्षरों के सूची-पत्र को खोलने के लिए ***** को देर तक दबाएँ। आपको विराम चिन्हों और विशेष अक्षरों की एक सूची दिखेगी। कोई भी विराम चिन्ह या विशेष अक्षर चयन करने के लिए तीर (एरो) कुंजियों का इस्तेमाल करें और **प्रयोग करें** दबाएँ।

कॉपीराइट © 2007 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

विशिष्ट अक्षरों और विराम चिन्हों की सूची निम्नलिखित है:

विशिष्ट अक्षरों की सूची
क्ष त्र ज्ञ ़ ॐ । ॥ ॰ ऽ . , ? ! " - ( ) @ / : _ ; + & % *   = < > £ € $ ¥ ¤ [ ] { } \ ~ ^ ` ¡ ¿ § # | ␣ ↵

उदाहरण के लिए:

- अगर आप हिन्दी पूर्णविराम या। (देवनागरी डंडा), या ॥ (दो डंडे) लिखना चाहते हैं, तो ***** कुंजी को दबा कर रखें। एरो (तीर) कुंजियों का इस्तेमाल करते हुए इच्छित अक्षर चयन करें और फिर **प्रयोग करें** दबाएँ।

विराम चिन्हों और विशेष अक्षर लिखे बिना वापस लौटने के लिए **पीछे** दबाएँ।

■ रेफ अक्षर ''र्'' लिखना

रेफ अक्षर लिखने के लिए पहले **''र''** लिखें, फिर हलंत लगायें, उसके बाद व्यंजन लिखें। उदाहरण के लिए **''र्फ''** लिखने के लिए **9** कुंजी को दो बार दबाएँ ***** को एक बार दबाएँ और फिर **8** को दो बार दबाएँ।

कॉपीराइट © 2007 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

अक्सर उपयोग में आने वाले कुछ शब्दों के उदाहरण निम्नलिखित सूची में दिये गए हैं।

इस पाठ्य को लिखने के लिए	अक्षरों का क्रमवार तरीका	कुंजियाँ जिनके उपयोग से उपयुक्त अक्षर मिलेंगे
बर्फ	ब + र + ् + फ	8 9 * 8
दुर्गा	द + ु + र + ् + ग + ा	7 2 9 * 4 2
कर्म	क + र + ् + म	4 9 * 8
शर्म	श + र + ् + म	9 9 * 8
पर्व	प + र + ् + व	8 9 * 9
स्वर्ग	स + ् + व + र + ् + ग	9 * 9 9 * 4

रेफ लगाने के लिए आप व्यंजन या मात्रा के बाद चार बार **1** को दबा सकते हैं। जैसे कि **8** को दो बार दबाएँ और फिर **1** को चार बार, तो **र्फ** बनेगा।

 कॉपीराइट © 2007 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

■ हलंत अक्षर लिखना

हलंत के उपयोग से किसी व्यंजन के साथ लगे स्वर को समाप्त किया जा सकता है। अक्सर हलंत के उपयोग से स्वररहित व्यंजन बनाये जाते हैं, जिन्हें बाद में अन्य व्यंजनों के साथ जोड़कर मिश्रित व्यंजन बनाये जाते हैं। हलंत का उपयोग मिश्रित व्यंजनों के अलावा आधे अक्षर या वर्ण बनाने में किया जाता है। हलंत को किसी अक्षर या वर्ण पर लगाने के लिए पहले अक्षर लिखें और फिर * को एक बार दबाएँ।

पाठ्य का प्रदर्शन हैंडसेट पर निर्भर करता है इसलिए प्रदर्शन बदल भी सकता है।

अक्सर उपयोग में आनेवाले शब्दों के कुछ उदाहरण निम्नलिखित सूची में दिये गये हैं:

इस पाठ्य को लिखने के लिए	अक्षरों का क्रमवार तरीका	कुंजियाँ जिनके उपयोग से उपयुक्त अक्षर मिलेंगे
रक्त	र + क + ् + त	9 4 * 7
ज़ख्म	ज़ + ख + ् + म	5 4 * 8
वक्त	व + क + ् + त	9 4 * 7
प्राप्त	प + ् + र + ा + प + ् + त	8 * 9 2 8 * 7
पन्ना	प + न + ् + न + ा	8 7 * 7 2

कॉपीराइट © 2007 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

व्यंजन में हलंत लगाने के लिए **1** को बार-बार दबाएँ जब तक कि हलंत प्राप्त न हो जाए। इसके अलावा आप विशिष्ट अक्षरों की सूची से हलंत का चिन्ह ् चुनकर भी उसे व्यंजन के बाद लगा सकते हैं।

हलंत तथा हलंत चिन्ह के बीच मुख्य अंतर है:

- **1** कुंजी से हलंत लगाने या दो व्यंजनों के बीच ***** कुंजी दबाने से दोनों जुड़ जाते हैं, जैसे - **पाठ्य**।
- विशिष्ट अक्षरों की सूची से, दो व्यंजनों के बीच हलंत लगाने से, पहले व्यंजन पर हलंत चिन्ह लग जाता है लेकिन वह दूसरे व्यंजन के साथ जुड़ता नहीं, जैसे - **पाठ्‌य**।

■ रकार अक्षर लिखना

रकार अक्षर लिखने के लिए व्यंजन लिखें, उसके बाद, हलंत लगायें और **''र''** लिखें। उदाहरण के लिए **ट्र** लिखने के लिए **6** एक बार दबाएँ, ***** एक बार और फिर **9** दो बार दबाएँ।

कॉपीराइट © 2007 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

अक्सर उपयोग में आनेवाले कुछ शब्दों के उदाहरण निम्नलिखित सूची में दिये गये हैं।

इस पाठ्य को लिखने के लिए	**अक्षरों का क्रमवार तरीका**	**कुंजियाँ जिनके उपयोग करने से उपयुक्त अक्षर मिलेंगे**
ड्रम	**ड** + ् + **र** + **म**	**6 * 9 8**
ट्रक	**ट** + ् + **र** + **क**	**6 * 9 4**
ट्रे	**ट** + ् + **र** + े	**6 * 9 3**
राष्ट्र	**र** + **ा** + **ष** + ् + **ट** + ् + **र**	**9 2 9 * 6 * 9**

व्यंजन या मात्रा के बाद रकार लगाने के लिए आप **1** कुंजी को भी पाँच बार दबा सकते हैं। जैसे – **ट्र** के लिए **6** को एक बार और **1** को पाँच बार दबाएँ।

■ T9 शब्दकोश

हिन्दी भाषा के लिए भी T9 शब्दकोश का इस्तेमाल किया जा सकता है। ऐसा करने के लिए **विकल्प** दबाएँ। एरो (तीर) कुंजियों के इस्तेमाल से **शब्दकोश** के विकल्प चुनें और **चयन करें** दबाएँ।

कुंजी के इस्तेमाल से **हिन्दी** विकल्प को चुनें और **चयन करें** दबाएँ। T9 शब्दकोश मोड उपलब्ध होने पर संदेश प्रदर्शित होगा और आप सीधे पाठ्य लेखन की स्क्रीन पर

कॉपीराइट © 2007 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

पहुँच जाते हैं। शब्दकोश मोड बंद करने के लिए **विकल्प** दबाएँ। एरो (तीर) कुंजियों के इस्तेमाल से **शब्दकोश** विकल्प चुनें और **चयन करें** दबाएँ। एरो (तीर) कुंजियों के इस्तेमाल से **शब्दकोश बंद** विकल्प चुनें और **चयन करें** दबाएँ।

■ हिन्दी पाठ्य लेखन को अन्य फ़ीचरों के साथ इस्तेमाल करना

आप हिन्दी पाठ्य लेखन को संपर्क बनाने, संपर्क विवरण में नोट्स जोड़ने, स्वागत नोट बनाने और बैनर बनाने के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं। यह फीचर विशेषकर तब उपयोगी है जब, हम जो कहना चाहते हैं उसे, अंग्रेजी या किसी दूसरी भाषा के शब्द सही तरह से व्यक्त नहीं कर पाते या पूरी तरह असरदार नहीं होते। **''ठहरना''** आदि शब्दों के लिए भी, जिनका उच्चारण केवल देवनागरी अक्षरों द्वारा सही प्रकार से समझा जा सकता है, हिन्दी पाठ्य लेखन उपयोगी साबित होता है।

ध्यान दें: हिन्दी में संदेश भेजना एक नेटवर्क आधारित सुविधा है। आप केवल उन्हीं मोबाइल फोनों पर हिन्दी में संदेश भेज सकते हैं, जिन में हिन्दी भाषा की सुविधा है। जिन फोनों में यह सुविधा उपलब्ध नहीं, उन पर बेतुका पाठ्य दिखाई देगा। कुछ नेटवर्क हिन्दी पाठ्य ट्रांस्मिशन को सपोर्ट नहीं करते। यदि आपको हिन्दी भेजने और पाने में परेशानी हो तो अपने नेटवर्क ऑपरेटर से संपर्क करें।

कॉपीराइट © 2007 नोकिया। सर्वाधिकार सुरक्षित।

नोकिया केयर ऑनलाइन

नोकिया केयर वेब सहायता आपको हमारी ऑनलाइन सेवाओं के बारे में और अधिक जानकारी देती है।

इंटरॅक्टिव प्रदर्शन

यह सीखें किआपको पहली बार अपना फ़ोन कैसे सेट करना है, और इसकी सुविधाओं के बारे में और अधिक जानें। इंटरॅक्टिव प्रदर्शन आपके फ़ोन का उपयोग करने के बारे में क्रमिक रूप से निर्देश देते हैं।

उपयोगकर्ता मार्गदर्शिका

ऑनलाइन उपयोगकर्ता मार्गदर्शिका में आपके फ़ोन के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई है। अद्यतन जानकारियों के लिए नियमित रूप से जाँच अवश्य करते रहें।

सॉफ़्टवेयर

अपने फ़ोन और पीसी के लिए सॉफ़्टवेयर उपयोग करके अपने फ़ोन का अधिक-से-अधिक लाभ उठाएँ। नोकिया पीसी सुइट आपके फ़ोन और पीसी को जोड़ता है इसलिए आप अपने कैलेंडर, संपर्कों, संगीतऔर छवियों को प्रबंधित कर सकते हैं, जबकि अन्य अनुप्रयोग इसके उपयोग के पूरक के रूप में कार्य करते हैं।

सेटिंग

फ़ोन की कुछ कार्य प्रणालियाँ, जैसे कि मल्टीमीडिया संदेश सेवा, मोबाइल ब्राउज़ करना और ई-मेल*, का उपयोग करने से पहले आपको सेटिंग प्राप्त करनी पड़ सकती हैं। इन्हें अपने फ़ोन में निःशुल्क प्राप्त करें।

* सभी फ़ोनों पर उपलब्ध नहीं हैं।

यदि आपका देश ऊपर सूची में नहीं है, तो कृपया www.nokia.co.in/support पर जाएँ।

NOKIA Care